<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–01 सितम्बर 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री ने मेरठ लखनऊ समेत तीन नई वंदे भारत रेलगाड़ियों का वर्चुअल माध्यम से किया शुभारंभ, कहा– आधुनिक भारतीय रेलवे का नया चेहरा है वंदे भारत
- पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा सम्पन्न होने पर मुख्यमंत्री ने दी बधाई, कहा–पंद्रह हजार से अधिक बेटियों की भर्ती की जाएगी सुनिश्चित
- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ गोरखपुर में स्थापित पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले सैनिक स्कूल का करेंगे शुभारंभ
- लखनऊ में चौदहवें हॉकी इंडिया कांग्रेस का आयोजन आज से

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से तीन वंदे भारत रेलगाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये रेलगाड़िया मेरठ से लखनऊ, मदुरै से बेंगलुरू और चेन्नई से नागरकोइल मार्ग पर चलेंगी। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि उत्तर से दक्षिण तक देश की विकास यात्रा में एक नया अध्याय जुड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वंदेभारत रेलगाड़ियों के विस्तार से देश विकसित भारत के लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाए जा रहा है। वंदेभारत आधुनिक भारतीय रेलवे का नया चेहरा है।

***आज हर शहर में, हर रूट पर वंदे भारत की मांग है। हाई स्पीड ट्रेनों के आने से लोगों में अपने व्यापार और रोजगार को अपने सपनों को विस्तार देने का भरोसा जगता है। आज देश भर में 102 वंदे भारत रेलवे सेवाएं संचालित हो रही है।***

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय रेलवे गरीब से लेकर मध्यम वर्ग तक के सभी लोगों को आरामदेह यात्रा की गारंटी देने तक अपना कार्य करती रहेगी।

लखनऊ–मेरठ के बीच उत्तर रेलवे प्रशासन की तरफ से वंदे भारत ट्रेन मंगलवार को छोड़कर पूरे हफ्ते चलेगी। यह ट्रेन लखनऊ से दोपहर दो बजकर पैंतालिस मिनट पर रवाना होगी और सवा सात घंटे में रात दस बजे मेरठ पहुंचेगी। लखनऊ से चलने के बाद यह ट्रेन बरेली और मुरादाबाद में रुकेगी। मेरठ से यह ट्रेन सुबह छः बजकर पैंतीस मिनट पर रवाना होगी।

उधर, मेरठ सिटी स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में सांसद अरूण गोविल ने कहा कि मेरठ से लखनऊ के बीच वंदे भारत ट्रेन चलने से विद्यार्थियों, व्यापारियों और अधिकारियों को विशेष लाभ होगा।

***आज का जो दिन है बहुत ऐतिहासिक दिन है। मेरठ कैंट क्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों के लिये बहुत ही सुविधाजनक कार्य हुआ है। नौचंदी एक्सप्रेस जो भी वो सहारपुर से चलने लगी। यहां के लिये उसका महत्व कम हो गया है। इसलिये वंदे भारत का चलना बहुत जरूरी था। माननीय प्रधानमंत्री और रेल मंत्री उनको बहुत–बहुत आभार है हमारा, क्योंकि मेरठ से और उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ हैं यहां से बहुत सारे लोग रोज आते जाते है विद्यार्थी आते जाते है, अधिकारी आते है, व्यापारी आते, तो सभी के लिये बहुत सविधा हो गया है और इससे यहां के क्षेत्र के विकास की जो गति है वो और तेज हो गई है।***

वंदे भारत ट्रेन के वर्चुअल उद्घाटन समारोह के दौरान मेरठ सिटी स्टेशन पर कई अन्य जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि महिलाओं पर अत्याचार और बच्चों की सुरक्षा समाज के लिए गंभीर चिंता के विषय हैं। नई दिल्ली में कल जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अत्याचार से संबंधित मामलों में जितना जल्दी निर्णय लिया जाएगा उतनी ही जल्दी महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना के पचहत्तर वर्ष पूरे होने से लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत का सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के पचहत्तर वर्ष, भारतीय संविधान और इसके संवैधानिक मूल्यों की यात्रा है।

**********

प्रदेश के आरक्षी नागरिक पुलिस के साठ हजार दो सौ पदों के लिए निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण परीक्षा सम्पन्न होने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अभ्यर्थियों और अधिकारियों को बधाई दी है। एक सोशल मीडिया संदेश में उन्होंने प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड और सभी जिलों के जिला प्रशासन को धन्यवाद कहा है । मुख्यमंत्री ने कहा कि साठ हजार से अधिक पुलिस आरक्षी चयन प्रक्रिया में पंद्रह हजार से अधिक बेटियों की भर्ती सुनिश्चित कराई जाएगी।

उधर, प्रदेश के सड़सठ जिलों में कल पांचवे चरण की लिखित परीक्षा कल सम्पन्न हो गई। यह परीक्षा 23, 24, 25 और 30 अगस्त को भी दो पालियों में आयोजित की गयी। परीक्षा में हिस्सा लेने के लिये दूसरे प्रदेशों से भी अभ्यर्थी पहुंचे। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिये

रोडवेज बसों में एडमिट कार्ड दिखाने पर निशुल्क यात्रा की सुविधा दी गयी। परीक्षा की शुचिता सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश भर के केन्द्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे। प्रदेश पुलिस के महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कहा कि यह देश और दुनिया की सबसे बड़ी पुलिस परीक्षा है और हम इसे शुचितापूर्वक आयोजित करने में सफल रहे हैं।

**********

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले सैनिक स्कूल का गोरखपुर में लोकार्पण करेंगे। सात सितम्बर को प्रस्तावित इस कार्यक्रम में प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल होंगे। लोकार्पण को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां शुरू हो गई हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट्स में से एक गोरखपुर का सैनिक स्कूल खाद कारखाना परिसर में आवंटित उन्चास एकड़ भूमि पर बना है। एक सौ छिहत्तर करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले इस स्कूल का शिलान्यास मुख्यमंत्री ने तेईस जुलाई दो हजार इक्कीस को किया था।

इससे पहले, एशिया के पहले राजगिद्ध संरक्षण और प्रजनन केन्द्र का उद्घाटन छः सितम्बर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। जटायु के नाम से यह संरक्षण केन्द्र गोरखपुर वन प्रभाग के कैम्पियरगंज क्षेत्र में बना है। तेजी से विलुप्त हो रहे राज गिद्धों के संरक्षण और उनकी संख्या बढ़ाने के लिये यह केन्द्र स्थापित किया गया है। यहां अब तक छः राजगिद्धों को संरक्षण और प्रजनन के लिये लाया जा चुका है।

**********

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज वाराणसी जाएंगे। वह दीनदयाल हस्तकला संकुल में भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला के समापन सत्र में शामिल होगे। कार्यशाला में एक हजार से ज्यादा भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता भाग लेंगे। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी ने वाराणसी में कल संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि कार्यशाला का उद्घाटन प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह करेंगे।

**********

प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आज से चौदहवें हॉकी इंडिया कांग्रेस का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए कल लखनऊ पहुंचे खिलाड़ियों, सदस्यों और पदाधिकारियों के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संवाद किया। एक सोशल मीडिया संदेश में उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हर स्तर पर पूर्ण सहयोग करेगी।

**********

पूर्व सांसद राजेश वर्मा को उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है। आयोग में उपाध्यक्ष के दो पदों पर मिर्जापुर के सोहनलाल श्रीमाली और रामपुर के सूर्य प्रकाश पाल को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा आयोग में चौबीस सदस्यों को भी मनोनीत किया गया है। इस संबंध में शासन के पिछड़ा वर्ग कल्याण अनुभाग–एक ने आदेश जारी किया है। आयोग में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सभी सदस्यों का कार्यकाल पदभार ग्रहण करने से लेकर एक वर्ष तक का होगा।

**********

हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राज्य सरकार और बेसिक शिक्षा परिषद को आदेश दिया है कि वह वर्ष दो हजार अठारह में शुरू की गई प्रक्रिया के तहत सत्ताईस हजार सात सौ तेरह पदों के संबंध में सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा–एटीआरई कराने के लिये तत्काल कदम उठायें। न्यायालय ने कहा है कि यदि इस संबंध में कोई कानूनी बाधा न हो, तो एटीआरई कराने का निर्णय दो माह के भीतर लिया जाये। यह निर्णय न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने अलोक कुमार व अन्य समेत दर्जनों विषेश अपीलों पर एक साथ सुनवाई करते हुए पारित किया है।

**********

कल तिहत्तरवां विमुक्त जाति दिवस मनाया गया। विमुक्त एवं घुमंतू जातियों से संबंधित इस दिवस को मनाने का उद्देश्य इन जातियों को मुख्य धारा से जोड़कर इनका विकास करना है। इस अवसर पर कल लखनऊ में समाज कल्याण अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण ने विमुक्त जातियों के अधिकारियों और कर्मचारियों का सम्मान किया। कार्यक्रम में विमुक्त जातियों से संबंधित विकास योजनाओं और विमुक्त जाति के महापुरुषों के चित्रों की प्रदर्शनी भी लगाई गई।

**********